कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–मा/सी–7/हिन्दी/स्थानांतरण/2019 दिनांक–29.09.2019 के तहत् श्रीमती पूनम पटवा, व्याख्याता (हिन्दी) राउमावि, पूंजला (जोधपुर) का स्थानान्तरण, राउमावि, उचियारड़ा–बिलाड़ा (जोधपुर) किया गया। श्रीमती पूनम पटवा ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में एस.बी.सी. याचिका संख्या–15563/2019 श्रीमती पूनम पटवा बनाम सरकार एवं अन्य दायर की गई।

याचिका संख्या–15563/2019 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक– 15.10.19 द्वारा याचिकार्थिया श्रीमती पूनम पटवा को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त करते हुए एक अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधि अनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश **(REASONED SPEAKING ORDER)** द्वारा निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए। याचिकार्थिया के अभ्यावेदन निस्तारण तक माननीय न्यायालय द्वारा विभागीय आलोच्य स्थानान्तरण आदेश दिनांक–29.09.2019 का प्रभाव एवं क्रियान्वयन याचिकार्थिया के संबंध में स्थगित रखा गया।

माननीय न्यायालय के निर्णय के क्रम में याचिकार्थिया श्रीमती पूनम पटवा द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं के पति अध्यापक पद पर राउमावि, गोपालसर,बालेसर में कार्यरत होने के कारण स्थानान्तरण नीति के अनुसार पति पत्नी को जहां तक संभव हो एक स्थान पर रखे जाने एवं स्थानान्तरण राउमावि, रोहिल्लाकल्ला अथवा राउमावि, बम्बोर, दर्जियान में करने हेतु परिवेदना प्रस्तुत की गई है।

याचिकार्थिया से प्राप्त अभ्यावेदन के संदर्भ में इस कार्यालय के आदेश क्रमांक–शिविरा–मा/संस्था/सी–7/हिन्दी/स्थानान्तरण/2019 दिनांक–31.10.2019 के तहत् याचिकार्थिया का पदस्थापन/संशोधन राउमावि, रोहिल्लाकल्ला–मण्डोर, जोधपुर में याचिकार्थिया का वांछित स्थान पर किया जाकर अनुतोष प्रदान कर अभ्यावेदन निस्तारण किया जा चुका है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–7/हिन्दी/स्था.को.के./पूनम पटवा/15563/2019/12 **दिनांक–**04/11/19

➤ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, जोधपुर
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जोधपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. प्रधानाचार्य राउमावि, पूंजला(जोधपुर)/उचियारड़ा–बिलाड़ा(जोधपुर)/रोहिल्लाकल्ला, जोधपुर।
9. कार्मिक श्रीमती पूनम पटवा, व्या0 हिन्दी, राउमावि, पूंजला (जोधपुर)
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर